राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर।

विविध प्रार्थना पत्र संख्या:— 23/2016 ....जिला—जयपुर।

उनवान— मैसर्स नानगराम भगवतीलाल सर्राफ,रामगंज बाजार, जयपुर बनाम सहायक आयुक्त, वाणिज्यिक कर वृत—डी, जयपुर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.02.2016	एकलपीठ श्री.सुनील शर्मा, सदस्य उक्त विविध प्रार्थना पत्र, व्यवहारी द्वारा कर बोर्ड की एकलपीठ द्वारा अपील संख्या 1629/2015/जयपुर मैसर्स नानगराम भगवतीलाल सर्राफ,रामगंज बाजार, जयपुर बनाम सहायक आयुक्त, वाणिज्यिक कर वृत—डी, जयपुर में पारित निर्णय दिनांक 19.10.2015 के संबंध में प्रस्तुत कर, प्रकरण के निस्तारण की समयावधि, बढ़ाने हेतु निवेदन किया गया है । व्यवहारी की ओर श्री अलकेश शर्मा, अभिभाषक व विभाग की ओर से श्री रामकरण सिंह, उप राजकीय अभिभाषक उपस्थित । उक्त प्रार्थना पत्र के संबंध में व्यवहारी की ओर से प्रकरण के निस्तारण की समयावधि बढ़ाने के संबंध में निवेदन किया गया, जिस पर विभागीय प्रतिनिधि की ओर से किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं प्रकट की गयी । उभयपक्षीय बहस व व्यवहारी द्वारा प्रस्तुत विविधि प्रार्थना पत्र पर विचार करने के पश्चात् न्यायहित में यह पीठ यह अनुभव करती है कि प्रकरण के निस्तारण हेतु कर बोर्ड की एकलपीठ द्वारा निर्णय दिनांक 19.10.2015 के जरिये पूर्व में निर्धारित समय सीमा को इस आदेश प्राप्ति के आगामी तीन माह तक के लिए बढ़ाया जाना उचित है। अतः अपील प्रकरण के निस्तारण की समयसीमा तीन माह तक के लिए बढ़ायी जाती है । निर्णय सुनाया गया । (सुनील शर्मा) सदस्य	